भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग

रानी लक्ष्मी बाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झांसी के लिए कुलपति का पद भरना।

रानी लक्ष्मी बाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय (आरएलबीसीएयू), झांसी में कुलपति के पद के लिए पात्र उम्मीदवारों से एतद्द्वारा निर्धारित प्रोफार्मा में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। कार्य का विवरण, पात्रता शर्तों आदि का ब्यौरा और आवेन प्रपत्र इसके साथ संलग्न है।

पूर्ण रुप से भरे गए आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 23.03.2020 है।

भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग

रानी लक्ष्मी बाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झांसी में कुलपति के पद हेतु विज्ञापन

रानी लक्ष्मी बाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झांसी में कुलपति का पद शीघ्र ही रिक्त होने की संभावना है।

कार्य का विवरण –

कुलपति विश्वविद्यालय का प्रधान कार्यपालक और शैक्षिक अधिकारी होता है तथा विश्वविद्यालय के कार्यों का सामान्य पर्यवेक्षण एवं नियंत्रण करता है और विश्वविद्यालय के सभी प्राधिकारियों के निर्णयों को लागू करता है।

कौशल और क्षमताएं

उम्मीदवार से निम्नलिखित योग्यता प्रत्याशित है –

(क) उसे कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट वैज्ञानिक उपलब्धि हासिल हो।
(ख) विज्ञान, विशेषकर उच्च स्तरीय कृषि शिक्षा/अनुसंधान/विस्तार के संबंध में सफलतापूर्ण प्रशासन एवं प्रबंधन का रिकार्ड हो।
(ग) विशेषकर कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक वैज्ञानिक परिदृश्य के साथ–साथ आधुनिक और भावी दृष्टिकोण रखता हो।
(घ) शैक्षिक, अनुसंधान, विस्तार और प्रशासनिक स्टाफ के सम्प्रेषण और प्रेरणा के लिए कल्पनाशीलता और प्रमाणित नेतृत्व गुण हो।
(ड) पहल करने और नवीकरण की क्षमता हो।
(च) राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अन्य शिक्षण एवं अनुसंधान संगठनों के साथ विचार–विमर्श का अनुभव हो।

शैक्षिक योग्यता एवं अनुभव

I. उम्मीदवार के पास कृषि या सम्बद्ध विज्ञान के किसी विषय में पीएचडी की डिग्री होनी चाहिए।
II. उम्मीदवार ख्यातिप्राप्त वैज्ञानिक/प्राध्यापक होना चाहिए जिसे अनुसंधान/शिक्षण/विस्तार प्रबंधन में 3 वर्ष के अनुभव सहित प्रोफेसर या समतुल्य पद पर कम से कम 10 वर्ष का अनुभव प्राप्त हो।
III. उम्मीदवार के पास शिक्षण/अनुसंधान/विस्तार के क्षेत्र में योगदान का प्रमाण होना चाहिए जिसके समर्थन में प्रकाशित लेख/नवाचार और प्रदर्शित नेतृत्व के दस्तावेज उपलब्ध हों।

कार्यकाल

कुलपति का कार्यकाल उसके द्वारा अपना कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से पांच वर्ष अथवा जब तक उसकी आयु सत्तर वर्ष नहीं हो जाती, जो भी पहले हो, तक होगा तथा वह आगे और पांच वर्ष की अवधि अथवा आयु सत्तर वर्ष हो जाने तक, जो भी पहले हो, पुन: नियुक्ति किए जाने के लिए पात्र होगा।

परिलब्धियां

पद के लिए वे परिलब्धियां और सुविधाएं देय होंगी जो एक केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति के लिए देय होती हैं।

महत्वपूर्ण टिप्पणी :

1. निर्धारित प्रोफार्मा में पूर्ण रुप से भरे गए आवेदन पत्र की चार प्रतियां (चार सेट) **अपर सचिव, कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग, कमरा सं0 109, कृषि भवन, नई दिल्ली-110001 को दिनांक 23.03.2020** तक पहुंच जानी चाहिए।
2. निर्धारित प्रोफार्मा में पूर्ण रुप से भरा गया आवेदन पत्र usestt.dare@gov.in को मेल द्वारा भी भेजा जाए।

प्रोफार्मा

कुलपति, रानी लक्ष्मीबाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झांसी
के पद के लिए आवेदन

1. (क) नाम :
   (ख) जन्म तिथि :
2. (क) वर्तमान धारित पद :
   (ख) वेतन मान :
3. शैक्षिक योग्यता :
   डॉक्टरेट की डिग्री प्राप्त करने
   के बाद के अनुभव सहित

परीक्षा	उत्तीर्ण करने का वर्ष	विषय	प्राप्त ग्रेड	विश्वविद्यालय/ कॉलेज/संस्थान
सीनियर सेकण्डरी (10+$2)				
स्नातक डिग्री				
स्नातकोत्तर डिग्री				
पीएचडी				
डॉक्टरेट की डिग्री प्राप्त करने के बाद अनुभव				

4. कार्य अनुभव (विपरीत कालक्रमानुसार) :

5. प्रशासनिक अनुभव :

6. शिक्षा/अनुसंधान/विस्तार के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान :

7. प्रकाशन : (आवेदक, प्रमुख प्रकाशनों के विषय में एक टिप्पणी/सूची संलग्न करे जो एक पृष्ठ से अधिक में न हो) :

8. पुरस्कार एवं सम्मान :

9. विश्वविद्यालय के लिए विजन :

10. सामान्य :

(आवेदक एक टिप्पणी जो एक पृष्ठ से अधिक न हो, संलग्न करें जिसमें वह अपनी उन अन्य उपलब्धियों/योगदान तथा अपनी अभिरुचियों/पसंद का उल्लेख करे जिनका जिक्र उपर्युक्त विवरण में शामिल नहीं है। इस टिप्पणी में आवेदक देश/विदेश में कृषि से जुड़े सामान्य तथा कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा संबंधी मुद्दों के विषय में अपने ज्ञान का वर्णन भी कर सकता है)

दिनांक : (आवेदक के हस्ताक्षर)

महत्वपूर्ण टिप्पणी :

1. निर्धारित प्रोफार्मा में पूर्ण रुप से भरे गए आवेदन पत्र की तीन प्रतियां अपर सचिव, कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग, कृषि भवन, नई दिल्ली-110001 को दिनांक 23.03.2020 तक पहुंच जानी चाहिए।
2. निर्धारित प्रोफार्मा में पूर्ण रुप से भरा गया आवेदन पत्र usestt.dare@gov.in को मेल द्वारा भी भेजा जाए।